धनबाद, शुक्रवार
21 दिसंबर 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

निगाहें अब मेलबर्न की पिच पर 10
नीति आयोग ने जारी की 'पंचवर्षीय' रणनीति 9





# बच्चों ने किया रघुनाथपुर थर्मल का भ्रमण

**जासं, आसनसोल:** प्रायोगिक शिक्षा का शैक्षणिक क्षेत्र में अपना अलग महत्व है। शिक्षा को छात्रों की रुचि के अनुरुप बनाने में शैक्षणिक भ्रमण का विशेष योगदान होता है। इसी उद्देश्य को लेकर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से संबद्ध दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों ने पुरुलिया जिले में स्थित रघुनाथपुर थर्मल पावर प्लांट का भ्रमण किया।

प्लांट भ्रमण के दौरान वरीय अपर निदेशक रुद्र प्रताप सिंह ने छात्रों को विद्युत उत्पादन संबंधी जानकारी दी। दस वर्ग किलोमीटर से भी अधिक क्षेत्रफल में फैले थर्मल पावर प्लांट का भ्रमण कर छात्रों ने पूरे प्लांट की जानकारी हासिल की। सबसे पहले छात्रों ने एडमिन ब्लॉक में जाकर दामोदर घाटी निगम की जानकारी हासिल की।



रघुनाथपुर थर्मल पावर का भ्रमण करते डीपीएस स्कूल के विद्यार्थी • जागरण

तत्पश्चात छात्रों को टीवी स्क्रीन के माध्यम से विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया को दिखाया गया। सुरक्षा विभाग ने औद्योगिक सुरक्षा के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी किस प्रकार सुरक्षा के नियमों को लागू करना चाहिए, इससे छात्रों को अवगत कराया।